प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

08.08.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

कैबिनेट

प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक आज शिमला में होगी। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिह सुक्खू की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में बादल फटने से हुई घटनाओं के बाद राहत पैकेज पर चर्चा होने की संभावना है। इसके अलावा विभिन्न विभागों में रिक्त पड़े पदों को भरने की भी कैबिनेट द्वारा मंजूरी दी जा सकती है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश को 2026 तक हरित ऊर्जा राज्य के रूप में स्थापित करने के लिए हरित उद्योगों को बढ़ावा दिया जा रहा है। शिमला में एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान में जलवायु परिवर्तन विश्व की सबसे बड़ी चुनौती है और राज्य सरकार हरित पहल के माध्यम से गलोबल वॉर्मिग के प्रभावों को कम करने की दिशा में कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ई—वाहनों को बढ़ावा दिया जा रहा है और हिमाचल पथ परिवहन की बसों को इलैक्ट्रोनिक बसों के बेड़े में परिवर्तित किया जा रहा है।

तलाशी अभियान

प्रदेश के कुल्लू, मंडी और शिमला जिलों में 31 जुलाई को बादल फटने की घटनाओं में अब तक कुल 22 लोगों के शव बरामद किए जा चुके हैं। इनमें समेज में 10, मंडी के राजबन में 9 और कुल्लू के मलाणा व बागीपुल में 3 शवों को बरामद किया गया है। तलाशी अभियान आज भी जारी रहेगा। इस बीच मंडी जिला उपायुक्त अपूर्व देवगन ने बताया कि बादल फटने के कारण लापता 10 लोगों में से 9 को ढूंढ लिया गया है जबकि तेरंग हादसे में लापता एक व्यक्ति की तलाश लगातार जारी है। उन्होंने कहा कि लापता व्यक्ति को ढूंढने के लिए तलाशी अभियान का दायरा बढ़ा दिया गया है। उपायुक्त ने कहा कि प्रभावित परिवारों को गैस कनैक्शन, राशन, और मैडिकल किटें भी उपलब्ध करवा दी गई है। इसके अलावा सभी मृतकों के परिजनों को चार—चार लाख रूपए की सहायता राशि जारी की गई है।

जयराम

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार से आउटसोर्स कर्मियों के लंबित वेतन का भुगतान जल्द करने की मांग की है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार मात्र आश्वासन के सहारे चल रही है। उन्होंने सरकार से लंबित परिक्षाओं के परिणाम जल्द घोषित करने व नई भर्तियां करवाने की भी मांग की है।

सुन्दर ठाकुर

मुख्य संसदीय सचिव सुन्दर सिंह ठाकुर ने कुल्लू जिले में चल रहे विकास कार्यों का प्रभावशाली ढंग से क्रियान्वयन सुनिश्चित कर निर्धारित अवधि में पूरा करने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। कुल्लू में एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के लिए धन की कमी को आड़े नहीं आने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि निर्धारित अवधि में कार्यों के पूरा न होने से परियोजनाओं के निर्माण में लागत भी बढ़ जाती है और लोगों को समय पर सुविधाएं भी नहीं मिल पाती हैं।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आज बादल छाए है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में वर्षा का क्रम जारी रहने की संभावना जताई है। विभाग ने बिलासपुर, हमीरपुर, चंबा, कांगड़ा, मंडी, कुल्लू, सिरमौर, सोलन, ऊना और शिमला जिलों में आगामी 24 घंटों के दौरान बारिश होने की संभावना जताई है।

सुर्खियां समाचार पत्रों से———————

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

मौसम पर अमर उजाला की सुर्खी है–खराब मौसम में किन्नौर कैलाश यात्रा रूकी, श्रद्धालु की मौत–आज और कल मौसम खराब 10 को ऑरेंज अलर्ट। पंजाब केसरी लिखता है– आपदा में लापता है अभी 33 लोग आज 8 जिलों बाढ़ का अलर्ट–किन्नर कैलाश यात्रा स्थगित। आपका फैसला का शीर्षक है–हिमाचल में अलर्ट के बीच कई भागों में भारी बारिश सड़कें बंद। दैनिक भास्कर के अुनसार–पांच जिलों में 24 घंटों से हो रही बारिश से एक सौ 9 सड़के ठप्प–13 तक भारी बारिश का अलर्ट।

आपका फैसला और दैनिक सवेरा टाईम्स मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह के हवाले से लिखते है–6 माह में 50 मेगावॉट सौर ऊर्जा का होगा दोहन।

दिव्य हिमाचल की एक खबर है–धर्मशाला मे बनेगा प्रदेश का पहला कन्वेंशन सेंटर। दैनिक जागरण–संसाधनों की तलाश में बढ़ी हिमाचल सरकार, अब कत्थे पर लाईसेंस फीस–शीर्षक से लिखता है –जंगली ज़ीरा समेत 92 औषधीय उत्पादों की परमिट फीस बढ़ाई।

रोजाना दो प्रतिशत किशोर 8 घंटे चलाते है मोबाईल फोन, 8 प्रतिशत तनाव में–शीर्षक से अमर उजाला लिखता है–हिमाचल के 2 सौ 4 सरकारी स्कूलों में 7 हजार 5 सौ 63 विद्यार्थियों पर हुआ सर्वे।